# खनन से बनाया राजस्व का नया कीर्तिमान, 23% की वृद्धि

- खनन विभाग ने इस साल पहली तिमाही में ही प्राप्त किया 331.14 करोड़ का राजस्व
- विभाग के अनुसार खनिज नियमावली का सरलीकरण किए जाने से आए हैं प्रभावी बदलाव

**संस, जागरण लालकुआं:** राज्य के खनन विभाग ने राजस्व प्राप्ति में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए नए आयाम स्थापित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में विभाग ने 331.14 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष की पहली तिमाही की तुलना में 22.47 प्रतिशत अधिक है।

विभाग के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 146.18 करोड़, 2023-24 में 177.27 करोड़ और 2024-25 में 270.37 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनन विभाग ने कुल 1040.57 करोड़ रुपये का रिकार्ड राजस्व अर्जित कर पुराने सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। खनन विभाग द्वारा इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए उत्तराखंड उपखनिज परिहार नियमावली और उत्तराखंड खनिज, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण नियमावली में सरलीकरण किया गया। इसके अलावा ई-निविदा और ई-नीलामी के माध्यम से नए खनिज लाटों का चयन और आवंटन किया गया। साथ ही निदेशालय स्तर पर गठित प्रवर्तन दल द्वारा अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई। ई-रवन्ना पोर्टल का उन्नयन और देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर व नैनीताल में निविदा के माध्यम से आवंटित कंपनियों द्वारा पट्टा धनराशि और अपरिहार्य भाटक की वसूली जैसे कदमों ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

> राज्य सरकार द्वारा खनन नीति को सरलीकरण करने एवं अवैध खनन परिवहन भंडारण पर अंकुश लगाने के चलते यह मुकाम हासिल हुआ है। इसके साथ ही खनन कार्य को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए सरकार द्वारा माइनिंग डिजिटल ट्रांसफार्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इसके तहत 45 माइन चेक गेट्स स्थापित करने की प्रक्रिया गतिमान है, जो अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के साथ-साथ राजस्व वृद्धि में भी सहायक होगा।
>
> – राजपाल लेघा, निदेशक, खनन विभाग

**विस्तृत खबरों के लिए देखें**

https://www.jagran.com/local/uttarakhand_nainital-news-hindi.html